**Hon`ble Speaker congratulated the Indian Hockey Team for winning Bronze Medal and Sri Neeraj Chopra for winning Silver Medal in Javelin Throw in Paris Olympics**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, कल दिनांक 8 अगस्त को पेरिस 2024 ओलम्पिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीत कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है ।

कल ही भारत के श्री नीरज चोपड़ा जी ने पेरिस ओलम्पिक में भाला फेंक प्रतिस्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक जीत कर भारतीय खेल जगत के लिए एक नया इतिहास रचा है । भारतीय हॉकी टीम और श्री नीरज चोपड़ा द्वारा लगातार दो ओलम्पिक खेलों में पदक जीतना बड़ी सफलता है जो निश्चित रूप से हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी । मैं अपनी ओर से, पूरे सदन की ओर से भारतीय हॉकी टीम और श्री नीरज चोपड़ा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ , शुभकामनाएं देता हूँ । हम अपने खिलाड़ियों को उनकी भावी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं ।

________